
# पाठ 4



## एक शिक्षण बिन्दु

***सृजनहार परमेश्वर पर, जो हमें बचाता है, भरोसा रखो***

## बाइबल में से कहानी

***ऐसी कहानी का उपयोग करें जो यह सिखाती हो कि सृजनहार परमेश्वर पर, जो हमें बचाता है, भरोसा रखो***

सृजनहार
परमेश्वर पर,
जो हमें बचाता है,
भरोसा रखो

**शुभसन्देश कहानी पुस्तक दो।** पेज 2-15. *एक बड़ा, बड़ा, बड़ा तूफान।*

पेज 2-7 पर दी गई कहानी को बच्चों के लिए पढ़ें, पढ़ते हुए *शुभसन्देश कहानी पुस्तक दो* में से बच्चों को चित्र भी दिखाएँ।

1, 2, 3 पढ़ना शुरू करें…

पेज 7 पर कहानी बन्द कर दें और 'नूह जन्तुओं को बुलाता है' नामक नाटक शुरू करें।

**'नूह जन्तुओं को बुलाता है' नाटक:** बच्चों की चार टीमें बनाइए। एक टीम कुत्तों की टीम है, एक टीम बतखों की टीम है, एक टीम शेरों की टीम है और एक टीम बन्दरों की टीम है।

शिक्षक: **मुझे दिखाओ कि कुत्ते क्या करते हैं?** बच्चे ऐक्शन करते हैं: कुत्तों की तरह हिलते हैं।

शिक्षक: **कुत्ते कैसे बोलते हैं?** बच्चे कहते हैं: भौं, भौं।

शिक्षक: **बतखें कैसे चलती हैं?** बच्चे ऐक्शन करते हैं: बतखों की तरह चलें।

शिक्षक: **बतखें कैसे बोलती हैं?** बच्चे कहते हैं: क्वैक, क्वैक।


शिक्षक: **शेर कैसे चलते हैं?** बच्चे ऐक्शन करते हैं: शेर की तरह चलें।

शिक्षक: **शेर कैसे बोलते हैं?** बच्चे कहते हैं: गुर्र, गुर्र।

शिक्षक: **बन्दर कैसे चलते हैं?** बच्चे ऐक्शन करते हैं: बन्दर की तरह चलें।

शिक्षक: **बन्दर कैसे बोलते हैं?** बच्चे कहते हैं: खौं, खौं खौं।

# पाठ 4



सृजनहार
परमेश्वर पर,
जो हमें बचाता है,
भरोसा रखो

खेल के नियम समझाएँ।

जब मैं कहूँ, **'नूह कहता है, कुत्ते क्या करते हैं?'** सभी बच्चे कुत्ते की तरह हिलें।

जब मैं कहूँ, **'कुत्ते क्या करते हैं?'** केवल कुत्ता टीम के बच्चे ही कुत्ते की तरह हिलें।

जब मैं कहूँ, **'नूह कहता है, कुत्ते कैसे बोलते हैं?'** सभी बच्चे कहें, **'भौं, भौं'**।

जब मैं कहूँ, **'कुत्ते कैसे बोलते हैं?'** केवल कुत्ता टीम के बच्चे कहें, **'भौं, भौं'**।

जब मैं कहूँ, **'नूह कहता है, बतखें क्या करती हैं?'** सभी बच्चे बतख की तरह चलें।

जब मैं कहूँ, **'बतखें क्या करती हैं?'** केवल बतख टीम के बच्चे बतख की तरह चलें।

जब मैं कहूँ, **'नूह कहता है, बतखें कैसे बोलती हैं?'** सभी बच्चे बोलें, **'क्वैक, क्वैक'**।

जब मैं कहूँ, **'बतखें कैसे बोलती हैं?'** केवल बतख टीम के बच्चे बोलें, **'क्वैक, क्वैक'**।

जब मैं कहूँ, **'नूह कहता है, शेर क्या करते हैं?'** सभी बच्चे शेर की तरह चलें।

जब मैं कहूँ, **'शेर क्या करते हैं?'** केवल शेर टीम के बच्चे शेर की तरह चलें।

जब मैं कहूँ, **'नूह कहता है, शेर कैसे बोलते हैं?'** सभी बच्चे कहें, **'गुर्र, गुर्र'**।

जब मैं कहूँ, **'शेर कैसे बोलते हैं?'** केवल शेर टीम के बच्चे कहें, **'गुर्र, गुर्र'**।

जब मैं कहूँ, **'नूह कहता है, बन्दर कैसे चलते हैं?'** सभी बच्चे बन्दर की तरह चलें।

जब मैं कहूँ, **'बन्दर कैसे चलते हैं?'** केवल बन्दर टीम के बच्चे बन्दर की तरह चलें।

जब मैं कहूँ, **'नूह कहता है, बन्दर कैसे बोलते हैं?'** सभी बच्चे कहें, **'खौं, खौं'**।

जब मैं कहूँ, **'बन्दर कैसे बोलते हैं?'** केवल बन्दर टीम के बच्चे कहें, **'खौं, खौं'**।

यदि कोई बच्चा गलत ऐक्शन करता है या गलत आवाज़ें निकालता है, वह बच्चा बाहर आ कर सामने आ जाता है और आपकी (शिक्षक की) यह देखने में मदद करता है कि अगले चक्र में कौन-सा बच्चा गलत ऐक्शन करता है या गलत आवाज़ें निकालता है, फिर वह बच्चा भी बाहर आ जाता है, वैसे ही जैसे पहले वाला बच्चा आया था। आखिर तक टिका रहने वाला बच्चा उस टीम का विजेता ठहरता है।

आदेशों को मिला-जुला कर दें ताकि बच्चों को बड़े ध्यान दे सुनना पड़े। यह खेल तब तक जारी रहता है जब तक कि कम से कम एक बच्चा सारे ऐक्शन और आवाज़ें सही न कर ले। उसकी टीम विजयी ठहरती है। पक्का कर लें कि सभी को यह खेल अच्छी तरह से समझ में आ जाए।

जब एक बच्चा बाकी बच जाए तो उसकी टीम को विजयी घोषित कर दें। उसके बाद सब लोग बैठ जाएँ।

**नूह याद है? नूह की कहानी में से आपको क्या-क्या याद है और हम कहानी में कहाँ पर थे?**

पेज 8-15 तक कहानी को पढ़ कर खत्म कर दें, पढ़ते हुए *शुभसन्देश कहानी पुस्तक* दो में से बच्चों को चित्र भी दिखाएँ।

1, 2, 3 पढ़ना शुरू करें…

## प्रश्न और उत्तर प्रतिस्पर्धा

इस कहानी के बारे में बच्चों से प्रश्न पूछें। बच्चों की दो टीमें बनाएँ।

पहली टीम से एक प्रश्न पूछें। पहली टीम के सभी बच्चों को एक उत्तर देने के लिए सहमत होना होगा। यदि वे सही उत्तर देते हैं तो आप उनकी टीम को एक अंक दे दीजिए। यदि पहली टीम सही उत्तर नहीं देती है तो दूसरी टीम से यही प्रश्न पूछें। दूसरी टीम के सभी बच्चों को एक उत्तर देने के लिए सहमत होना होगा। यदि वे सही उत्तर देते हैं तो आप उनकी टीम को एक अंक दे दीजिए।

ब्लैकबोर्ड पर या किसी कागज़ पर सबके अंक लिखते रहें।

अब दूसरी टीम से कहानी के बारे में अगला प्रश्न पूछें। टीम के सभी बच्चों को एक उत्तर देने के लिए सहमत होना होगा। यदि वे सही उत्तर देते हैं तो आप उनकी टीम को एक अंक दे दीजिए। यदि दूसरी टीम सही उत्तर नहीं देती है तो पहली टीम से यही प्रश्न पूछें। पहली टीम के सभी बच्चों को एक उत्तर देने के लिए सहमत होना होगा। यदि वे सही उत्तर देते हैं तो आप उनकी टीम को एक अंक दे दीजिए।

सृजनहार
परमेश्वर पर,
जो हमें बचाता है,
भरोसा रखो

इस प्रकार बारी-बारी से दोनों टीमों से कहानी के बारे में प्रश्न पूछते रहें।

यदि कोई बच्चा गलत उत्तर देता है तो यह कहते उसे प्रोत्साहित करें कि तुमने अच्छी कोशिश की लेकिन यह वह उत्तर नहीं है जिसकी मुझे तलाश है। यदि कोई बच्चा सही उत्तर देता है तो कहें, हाँ! बहुत अच्छे!

आगे कुछ प्रश्न और उनके उत्तर दिए गए हैं, जो आप उनसे पूछ सकते हैं।

**नूह किसके लिए गाता था?**
सृजनहार परमेश्वर के लिए।

# पाठ 4


सृजनहार परमेश्वर पर, जो हमें बचाता है, भरोसा रखो

**सृजनहार परमेश्वर ने नूह को एक बड़ी, बड़ी, बड़ी नाव बनाने के लिए क्यों कहा?**
एक बड़ा तूफान आ रहा था और सृजनहार परमेश्वर नूह, नूह के परिवार और सब जन्तुओं को बचाना चाहते थे।

**सृजनहार परमेश्वर ने नूह को कैसे दिखाया कि वह उससे प्रेम करता है?**
सृजनहार परमेश्वर ने नूह, नूह के परिवार और सब जन्तुओं को बचा लिया।

**नूह की कहानी किस समय की है?**
हमारे पूर्वजों के समय की।

**हम नूह की कहानी से क्या सीखते हैं?**
सृजनहार परमेश्वर सबकुछ जानता है कि क्या-क्या होने वाला है। सृजनहार परमेश्वर हमसे प्रेम करता है। जब नूह ने वह किया जो सृजनहार परमेश्वर ने उससे कहा था तो वह सुरक्षित हो गया। सृजनहार परमेश्वर हमें बचाता है। सृजनहार परमेश्वर जो कहता है वह करता भी है।



## ऐक्शन गीत

***ऐसे ऐक्शन गीत का उपयोग करें जो यह सिखाता हो कि सृजनहार परमेश्वर पर, जो हमें बचाता है, भरोसा रखो***

जिसने हमको बनाया है
उसकी प्रशंसा करुँगा
जिसने हमको बचाया है
उस पर भरोसा रखा है
उसके वचन की प्रशंसा करुँगा
आप भी उस पर भरोसा करें
क्योंकि उसने हमे बचाया है।

## किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाला पाठ

***किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाले ऐसे पाठ का उपयोग करें जो सिखाता हो कि सृजनहार परमेश्वर पर, जो हमें बचाता है, भरोसा रखो।***

दो बच्चों को अपने सहायक बनाएँ। एक बच्चे की आँखों पर पट्टी बाँधें। अब दूसरे बच्चे से कहें कि वह इस बच्चे को, जिसकी आँखों पर पट्टी बँधी है, पूरे कमरे या गाँव में घुमाए।

जब दोनों बच्चे अपनी यात्रा पूरी कर लें, तब उस बच्चे से, जिसकी आँखों पर पट्टी बँधी है, प्रश्न पूछें और वह बाकी बच्चों के सामने उनके उत्तर देगा।

यहाँ कुछ प्रश्न दिए गए हैं जिन्हें आप पूछ सकते हैं।

**जब आपको पता ही नहीं था कि आप कहाँ जा रहे हैं तो आपको कैसा महसूस हो रहा था?**

**क्या अपने दोस्त पर भरोसा करके आपको यह काम आसान लगा?**

**असली जीवन में, क्या आपको हमेशा पता रहता है कि आगे क्या होने वाला है?**

**सृजनहार परमेश्वर पर भरोसा करने के लिए आप क्या कर सकते हैं?**

# पाठ 4

## बाइबल पद याद करने का खेल

***ऐसे बाइबल पद का उपयोग करें जो यह सिखाता हो कि सृजनहार परमेश्वर पर, जो हमें बचाता है, भरोसा रखो***

बताएँ कि सृजनहार परमेश्वर का एक और नाम *यहोवा* है।

**उत्पत्ति 6:22** *'नूह ने परमेश्वर की सारी आज्ञाओं का पालन किया।'*

याद किया जाने वाला बाइबल पद बोलें या गाएँ और बच्चों से कहें कि वे आपके (शिक्षक के) पीछे-पीछे दोहराएँ। तब तक दोहराएँ जब तक कि बच्चों को याद किया जाने वाला बाइबल पद याद न हो जाए।

तब इन शब्दों में ड्रम की धुन और ऐक्शन जोड़ दें ताकि बच्चे याद किया जाने वाला बाइबल पद गा सकें।

शिक्षक: 'नूह ने'
बच्चे: 'नूह ने'

शिक्षक: 'परमेश्वर की'
बच्चे: 'परमेश्वर की'

शिक्षक: 'सारी आज्ञाओं का'
बच्चे: 'सारी आज्ञाओं का'

शिक्षक: 'पालन किया। उत्पत्ति 6:22.'
बच्चे: 'पालन किया। उत्पत्ति 6:22.'

## व्यावहारिक प्रयुक्ति


सृजनहार परमेश्वर पर, जो हमें बचाता है, भरोसा रखो

***ऐसी व्यावहारिक प्रयुक्ति का उपयोग करें जो यह सिखाती हो कि सृजनहार परमेश्वर पर, जो हमें बचाता है, भरोसा रखो***

यह जानने का, कि सृजनहार परमेश्वर पर हमें बचाता है, अर्थ यह है कि हम सृजनहार परमेश्वर पर भरोसा रख सकते हैं। सृजनहार परमेश्वर सबकुछ जानता है। सृजनहार परमेश्वर सबकुछ देखता है। जब हम सृजनहार परमेश्वर को हमारी अगुवाई करने दें, जैसे कि नूह ने सृजनहार परमेश्वर को करने दिया था, तो तूफान के बीच में भी हममें हमेशा शान्ति बनी रहेगी।

**प्रार्थना:** सृजनहार परमेश्वर, आपका धन्यवाद कि आपने लोगों और जन्तुओं को बचा लिया। सृजनहार परमेश्वर, मैं आप पर भरोसा रखता हूँ। सृजनहार परमेश्वर, मेरे जीवनभर मेरी अगुवाई कीजिए। आमीन।

# पाठ 5



## एक शिक्षण बिन्दु

***सृजनहार परमेश्वर कुछ भी कर सकता है***

## बाइबल में से कहानी

***ऐसी कहानी का उपयोग करें जो यह सिखाती हो कि सृजनहार परमेश्वर कुछ भी कर सकता है***

सृजनहार
परमेश्वर
कुछ भी
कर सकता है

**शुभसन्देश कहानी पुस्तक दो।** पेज 16-32. *एक विशेष उपहार।*

**इन्तज़ार करने वाला खेल:** वहाँ खड़े हों जहाँ सारे बच्चे आपको देख सकें। ऐसा दिखावा करें कि जैसे आप अपनी घड़ी को बड़े ही ध्यान से देख रहे हैं (यदि आपके पास घड़ी नहीं है तो भी ऐसा ही करें)। ऐसा दिखावा करें कि आप कुछ होने का इन्तज़ार कर रहे हैं। तब तक ऐसा ही करते रहें जब तक कि कोई बच्चा आप से यह न पूछ ले कि आप किसका इन्तज़ार कर रहे हैं। (हो सकता है कि इसमें कुछ समय लगे।) तब कहें, 'मैं यह इन्तज़ार कर रहा था कि आप मुझसे यह पूछें कि मैं किसका इन्तज़ार कर रहा हूँ!'

आज की कहानी में एक व्यक्ति के बारे में सीखेंगे। उसका नाम है अब्राहाम। अब्राहाम कई वर्षों से कुछ होने का इन्तज़ार कर रहा था। ध्यान से सुनिए, हम यह पता लगाएँगे कि अब्राहाम क्या होने का इन्तज़ार कर रहा था।

बच्चों से कहें कि आप जब भी उनकी ओर इशारा करेंगे तो उन सभी को एक साथ कहना होगा, 'सृजनहार परमेश्वर कुछ भी कर सकता है।' उन्हें *शुभसन्देश कहानी पुस्तक* दो में से *'एक विशेष उपहार'* कहानी पढ़ कर सुनाइए।

जब-जब कहानी में ये शब्द, 'सृजनहार परमेश्वर कुछ भी कर सकता है', आएँ, तब-तब बच्चों की ओर इशारा करें। सभी बच्चे कहेंगे, 'सृजनहार परमेश्वर कुछ भी कर सकता है।'


कहानी खत्म होने के बाद बच्चों से नीचे दिया गया प्रश्न पूछें।

**'अब्राहाम किसका इन्तज़ार कर रहा था?'**
एक सन्तान का।


कि परमेश्वर उसकी सन्तान के द्वारा कई लोगों को बचाए।

बलि के लिए मेमने का।

# पाठ 5







कि सृजनहार परमेश्वर पृथ्वी पर उतर आए।

1, 2, 3 कहानी पढ़ना शुरू करें…

## ऐक्शन गीत

***ऐसे ऐक्शन गीत का उपयोग करें जो यह सिखाता हो कि सृजनहार परमेश्वर कुछ भी कर सकता है***

प्रभु यहोवा तू ने बड़े सामर्थ से

आकाश और पृथ्वी बनाया (x2)

तेरे लिए कुछ न कठिन (x2)

तू है महान पराक्रमी परमेश्वर

कुछ न कठिन (x2)

तेरे लिए कुछ न कठिन

## किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाला पाठ

***किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाले ऐसे पाठ का उपयोग करें जो सिखाता हो कि सृजनहार परमेश्वर कुछ भी कर सकता है***

**आपको क्या दिखाई देता है?** यदि कोई बच्चा गलत उत्तर देता है तो यह कहते उसे प्रोत्साहित करें कि तुमने अच्छी कोशिश की लेकिन यह वह उत्तर नहीं है जिसकी मुझे तलाश है। यदि कोई बच्चा सही उत्तर देता है तो कहें, हाँ! बहुत अच्छे!

तब तक प्रश्न पूछते रहें जब तक कोई बच्चा सही उत्तर न दे दे।

आकाश को देखो। **आपको क्या दिखाई देता है?**
सम्भव उत्तर: सूरज, आकाश, बादल, पंछी

**आज सुबह सूरज किसने उगाया है?**
आज सुबह सूरज सृजनहार परमेश्वर ने उगाया है।

# पाठ 5

**हर रात सूरज को कौन डुबाता है?**
हर रात सूरज को सृजनहार परमेश्वर डुबाता है।

**बादलों को आकाश में इधर-उधर कौन उड़ाता है?**
बादलों को आकाश में इधर-उधर सृजनहार परमेश्वर उड़ाता है।

**बादलों में से बारिश कौन करवाता है?**
बादलों में से बारिश सृजनहार परमेश्वर करवाता है।

**आकाश के पंछियों की देखभाल कौन करता है?**
आकाश के पंछियों की देखभाल सृजनहार परमेश्वर करता है।
सृजनहार परमेश्वर कुछ भी कर सकता है।

सृजनहार परमेश्वर कुछ भी कर सकता है

## बाइबल पद याद करने का खेल

***ऐसे बाइबल पद का उपयोग करें जो यह सिखाता हो कि सृजनहार परमेश्वर कुछ भी कर सकता है***

बताएँ कि सृजनहार परमेश्वर का एक और नाम *यहोवा* है।

**उत्पत्ति 15:6** *'अब्राम ने परमेश्वर पर विश्वास किया और परमेश्वर ने उसके विश्वास को एक अच्छा काम माना।'*

**सामग्री:** चित्रकारी के लिए ब्लैकबोर्ड और चॉक, या मिट्टी और छड़ी, या कागज़ और पेंसिल।

याद किया जाने वाला बाइबल पद ब्लैकबोर्ड पर, या मिट्टी पर, या कागज़ पर लिख दें।

याद किया जाने वाला बाइबल पद बोलें और बोलते समय एक-एक शब्द की ओर इशारा करते रहें। यदि बच्चों ने अभी तक पढ़ना नहीं सीखा तो आपको याद किया जाने वाला बाइबल पद लिखने की ज़रूरत नहीं है। बच्चे इस प्रकार इन शब्दों को आपके पीछे-पीछे दोहराएँगे…

अब्राम ने परमेश्वर पर विश्वास किया (x3)

और परमेश्वर ने उसके विश्वास को (x3)

एक अच्छा काम माना। (x3)

अब सारे बच्चे खड़े हो जाएँ। बच्चों से कहें कि वे आपके पीछे दोहराएँ।

याद किया जाने वाला पद बोलें और साथ-साथ अपने पेट पर हाथ भी फेरते रहें।

अब बच्चे भी याद किया जाने वाला पद बोलें और साथ-साथ अपने पेट पर हाथ भी फेरते रहें।

याद किया जाने वाला पद बोलें और साथ-साथ एक पूरे घेरे में घूम जाएँ।

अब बच्चे भी याद किया जाने वाला पद बोलें और साथ-साथ एक पूरे घेरे में घूम जाएँ।

# पाठ 5

याद किया जाने वाला पद बोलें और साथ-साथ एक ही जगह पर ऊपर-नीचे कूदते रहें।

अब बच्चे भी याद किया जाने वाला पद बोलें और साथ-साथ एक ही जगह पर ऊपर-नीचे कूदते रहें।

सृजनहार परमेश्वर कुछ भी कर सकता है

अब याद किया जाने वाला पद मिटा दें और बच्चों से कहें कि वे याद किया जाने वाला पद आखरी बार बोलें।

## व्यावहारिक प्रयुक्ति

***ऐसी व्यावहारिक प्रयुक्ति का उपयोग करें जो यह सिखाती हो कि सृजनहार परमेश्वर पर कुछ भी कर सकता है***

सृजनहार परमेश्वर सबकुछ कर सकता है क्योंकि सृजनहार परमेश्वर ने सबकुछ सृजा है। सृजनहार परमेश्वर हमसे बहुत प्रेम करते हैं। सृजनहार परमेश्वर हमें हर बार, हर बार, हर बार बचा सकता है।

**प्रार्थना:** सृजनहार परमेश्वर, मुझसे प्रेम करने के लिए आपका धन्यवाद। सृजनहार परमेश्वर, आपका धन्यवाद कि आप सबकुछ कर सकते हैं, क्योंकि आपने ही सबकुछ सृजा है। मैं आप पर विश्वास करता हूँ। मैं आप पर भरोसा रखता हूँ। आमीन।

**पुरस्कार:** हर एक बच्चे को *शुभसन्देश कहानी पुस्तक दो* की एक-एक कॉपी रखने के लिए दे दीजिए। हर एक बच्चे को *शुभसन्देश कहानी पुस्तक दो* पढ़ने में मदद कीजिए।